

## खबर संक्षेप

### परिवहन आरक्षक परीक्षा : 23 केन्द्रों में 6664 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा 19 अप्रैल परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जिले के 23 परीक्षा केन्द्रों में कुल 6664 अभ्यर्थी शामिल होंगे। ज्ञात हो कि परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश -परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। मुख्य द्वार दोपहर 10.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जमुनी, मैरून, बैगनीरंग व गहरे चाकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्श, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। 23 केन्द्रों में आयोजित परिवहन आरक्षक परीक्षा में जिले के 6444 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### मोर गांव, मोर पानी से बढ़ेगी जल संपदा और आजीविका

**जांजगीर-चांपा।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोर गांव, मोर पानी अभियान अंतर्गत वर्षा जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवा तरिया आय के जरिया अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्रामीणों को नवीन तालाब निर्माण के महत्व से अवगत कराते हुए ग्राम स्तर पर स्थल चयन एवं कार्ययोजना तैयार कर तालाब निर्माण कार्यों पर चर्चा की जा रही है। यह कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नवा तरिया के माध्यम से जल संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों, विशेषकर महिला स्व-सहायता समूहों के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे। तालाबों का उपयोग मत्स्य पालन, मेढ़ में दलहन खेती, कमल फूल उत्पादन, सरसों एवं गेहूं जैसी फसलों के उत्पादन सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन 28 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखरा के आंगनबाड़ी केन्द्र 6 में आंगनबाड़ी सहायिक के पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से 28 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि उक्त पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण संबंधित ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 28 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 से संपर्क किया जा सकता है।

### दो दिन के भीतर पुलिस ने 48 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा वारंटियों के धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जहां दो दिनों के भीतर पुलिस ने कुल 48 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही हुई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को सघन अभियान चलाकर फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे।

## एसई बेवपोर्टल पर खुद दे सकते हैं जानकारी

# पहली बार आनलाइन स्व गणना जानकारी भरने की सुविधा कलेक्टर ने स्वयं का गणना पत्रक भरकर की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

देश भर में होने वाले जनगणना की विधिवत शुरूआत 16 अप्रैल से हुई है। पहली बार नागरिकों को स्व गणना की सुविधा दी गई है। इस सुविधा का लाभ लेते हुए कोई भी व्यक्ति वेबपोर्टल में जाकर अपनी जानकारी भर सकता है। जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आनलाइन स्व गणना पत्रक भरकर इसकी शुरूआत भी की है।

जिले में जनगणना 2027 की तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तेजी से जारी हैं। इस बार नागरिकों को पहली बार स्व-गणना की सुविधा दी गई है, जिसके तहत कोई भी व्यक्ति एसई वेब पोर्टल http://se.census.gov.in पर जाकर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन भर सकता है। यह प्रक्रिया डिजिटल और सरल माध्यम से की जा रही है, जिससे लोगों को घर बैठे जानकारी देने की सुविधा



मिल रही है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना प्रपत्र भरा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, जिसमें अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से फॉर्म भर सकते है। फॉर्म भरने के बाद एक यूनिक आईडी प्राप्त होती है, जिसे प्रगणक के घर आने पर दिखाना आवश्यक होगा। यदि कोई नागरिक ऑनलाइन फॉर्म नहीं भर पाता है, तो 1 मई से 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। जनगणना के आंकड़े सरकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनगणना प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) का कार्य किया जाएगा। इसके लिए प्रगणक मोबाइल एप का उपयोग कर डाटा संग्रह करेंगे। इसके बाद स्व-गणना और फील्ड सर्वे से प्राप्त डाटा का सत्यापन किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में पर्यवेक्षक और चार्ज अधिकारी बहुस्तरीय जांच करेंगे ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे।

## बॉयलर पाईप विस्फोट से हुई थी भीषण दुर्घटना

# वेदांता हादसा : एक और श्रमिक की मौत, मृतकों की संख्या हुई 21

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-डभरा

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता थर्मल पावर प्लांट में बॉयलर फटने से हुए भीषण हादसे मे मृतकों की संख्या 20 से बढ़कर 21 पहुंच चुकी है। बताया जाता है कि रायपुर अस्पताल में भर्ती एक और श्रमिक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा शेष घायलों का अलग-अलग जगहों पर उपचार चल रहा है, जिनमें भी कईयों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक अंतर्गत सिंघीतराई में संचालित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार 14 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे भीषण हादसा हो गया था। यहां बॉयलर का प्रेशर पाइप अचानक फट गया, जिससे उसमें प्रवाहित तकरीबन 600 डिग्री सेल्सियस तापमान में खौल रहे पानी और भाप का गुबार पूरे क्षेत्र में फैल गया। ऐसे में वहां अफरातफरी मच गई और घटना में बड़ी संख्या में मौजूद कर्मचारी झुलस गए। प्रेशर पाइप फटने के बाद खौलते पानी और भाप का गुबार पूरे एरिया में फैल गया, झुलसने से घटना स्थल पर ही श्रमिकों की मौत हो गई। घटना के बाद झुलसे श्रमिकों को किसी तरह बाहर निकाल कर खरसिया और रायगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार तक 12 लोगों की मौत हुई थी, जबकि बुधवार को यह आंकड़ा 20 हो गया। इसके अलावा डेढ़ दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हे खरसिया, रायगढ़ बिलासपुर और रायपुर भी भेजा गया। 17 अप्रैल को रायपुर के कालड़ा हास्पिटल में भर्ती एक श्रमिक की मौत हो गई। उसका नाम फैकत अली निवासी माड़ा सिंगरौली (मध्यप्रदेश) बताया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 17 अप्रैल को रायपुर अस्पताल में भर्ती श्रमिक की मौत के बाद मृतकों की संख्या 21 हो गई है। इधर बाकी के घायलों का उपचार चल रहा है इनमें भी आधे से अधिक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।




### प्लांट सप्ताह भर के लिए शट डाउन, मजदूर गायब

हादसे के बाद जहां घटनास्थल को बैरीकेटिंग करके तकनीकी जांच शुरू की गई थी, वही सक्ती कलेक्टर ने स्थिति को देखते हुए वेदांता पावर प्लांट को सप्ताह भर के लिए शटडाउन करने के आदेश भी दिए हैं। प्लांट के शटडाउन होते ही यहां कार्य करने वाले कर्मचारी और मजदूर पलायन करने लगे हैं केवल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जांच टीम का अमला और प्रबंधन के लोग ही रह गए हैं।

### आज पहुंचेगी सेंट्रल की जांच टीम

सिंघीतराई मे संचालित वेदांता पावर प्लांट में हुए बॉयलर हादसे में बड़ी संख्या में श्रमिकों की मौत और हताहत होने के मामले में सेंट्रल द्वारा भी जांच कमेटी गठित की गई है। बताया जाता है कि सेंट्रल द्वारा गठित जांच टीम शनिवार 18 अप्रैल को सिंघीतराई पहुंचेगी। टीम द्वारा यहां घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ मशीनों की स्थिति बॉयलर पाइप और पूरे सिस्टम का निरीक्षण करके दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा। हालांकि प्रारंभिक तौर पर मिली जांच रिपोर्ट में प्रबंधन की भारी लापरवाही उजागर हुई है, जिसके आधार पर थाना डभरा में प्रबंधन के चेयरमेन सहित ठेका कंपनी और जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# मुख्य मार्ग पर चक्काजाम व शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में 5 गिरफ्तार

## फगुरम में सड़क हादसे में मासूम की गई थी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सडक दुर्घटना में बच्ची की हुई मौत मामले को लेकर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम एवं मुख्य मार्ग पर बाधा डालने के साथ पत्थर मारकर हत्या का प्रयास करने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। घटना फगुरम चौकी की है।

इस संबंध में फगुरम चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 15 अप्रैल को ग्राम फगुरम मेन रोड में हुण्डई क्रेटा कार क्रमांक सीजी 11 बीडी 8433 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर रिध्दिमा निराला उम्र 9 वर्ष को एक्सीडेन्ट करने से मृत्यु हो जाने से मृतिका के परिजन एवं भारी संख्या मे व्यक्तियो के द्वारा मुआवजा की बात को लेकर मेन रोड में चक्का जाम कर दिया गया था। जिसकी सुचना पर चौकी फगुरम के पुलिस एवं कानुन व्यवस्था में आये हुये दिगर जिला के पुलिस बल एवं तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के द्वारा आकोशित भीड़ के द्वारा गाली गलौच करते हुये शासकीय कार्य में बाधा डालकर लाठी, डण्डा एवं पत्थर से पुलिस की टीम पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया गया। जिसमे 13 वी बटालियन मड़वारानी कोरबा के आरक्षक राजेश कुजुर के सिर पर गंभीर चोट लगने से उसे ईलाज हेतु रायगढ़ रिफर करने पर भर्ती कराया गया है। नामजद आरोपी एवं अन्य व्यक्तियो के विरुध्द धारा 191(2), 191(3), 190, 296, 351(3), 132, 224, 121(2), 109 बीएनएस पंजीबध्द किया गया। पुलिस ने सुनील बंजारे पिता हुलसराम बंजारे निवासी सारसकेला, संतोष जोशी पिता दुजेराम जोशी, रविकृपा जोशी उर्फ रविकुमार जोशी पिता सोना राम जोशी, सुकलाल डनसेना पिता सोभाराम डनसेना निवासी फगुरम एवं देवानंद पटेल पिता फागुराम पटेल निवासी छोटे मुड़पार थाना खरसिंया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक चौकी प्रभारी अनवर अली, साईबर सेल प्रभारी सी. पी. कंवर, थाना सक्ती प्रभारी लखन पटेल, थाना बाराद्वार प्रभारी नरेन्द्र यादव, थाना जैजैपुर प्रभारी उप निरीक्षक भुपेन्द्र चन्द्रा, निरीक्षक अमित सिंह, रक्षित निरीक्षक सक्ती उमेश राय सहायक उप निरीक्षक हीराराम सांवरा, प्रधान आरक्षक अश्वनी सिदार, लक्ष्मीनारायण राठौर आरक्षक अनिल रात्रे, आरक्षक दिनेश पटेल, आरक्षक फारूख खान, आरक्षक अचिंत गबेल, साहेब लाल उरांव, सुभाष राज एवं अविनाश देवांगन तथा महिला आरक्षक सविता भारद्वाज का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज को लेकर रेल मोर्चा ने जीएम को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

बाराद्वार रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर रेल मोर्चा के पदाधिकारियों ने जीएम एवं डीआरएम को मांग पत्र भेजा है। मांग के माध्यम से रेल यात्रियों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया है।

बिलासपुर रेल जोन को बड़ा राजस्व देने वाले बाराद्वार रेलवे स्टेशन की लगातार उपेक्षा की जा रही है। रेल मोर्चा ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं रेलवे के अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाया है। बाराद्वार को लंबे समय से प्रतीक्षा के बावजूद गोंडवाना , साउथ-बिहार, शालीमार और संबलपुर एक्सप्रेस का ठहराव नहीं दिया गया है, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को परेशानी हो रही है। रेल मोर्चा ने इस मुद्दे पर रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड, महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर को पत्र भेजकर बाराद्वार में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। रेल मोर्चा अध्यक्ष शिव शर्मा ने पत्र में कहा कि अधिकारियों से कई बार मुलाकात और लंबे संघर्ष के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला है। बॉम्बे-हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित बाराद्वार स्टेशन से सक्ती, जैजैपुर और बम्हनीडीह ब्लॉक के लगभग 90 गांवों के सैकड़ों यात्री रोजाना आवागमन करते हैं। 5 किमी के दायरे में महत्वपूर्ण दफ्तर बाराद्वार के पांच किलोमीटर के दायरे में कलेक्टोरेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत और कई निजी कार्यालय स्थित हैं। अधिकारी-कर्मचारी अक्सर रायपुर समेत अन्य महानगरों की यात्रा करते हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली रोजी-रोटी के लिए जाते हैं। रेल मोर्चा अध्यक्ष अधिवक्ता शिव शर्मा ने क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े को भी मांग पत्र सौंपा है।

# रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, 14 वाहन की बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए 14 वाहनों को जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई राजस्व पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 17 अप्रैल को कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि तहसील नवागढ़ अंतर्गत अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर 3 ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना नवागढ़ के सुपुर्द किया गया। ग्राम कनस्दा में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते 1 ट्रैक्टर को जब्त कर संबंधित थाना के सुपुर्द किया गया है। चांपा, पीथमपुर, हथनेवरा तथा जांजगीर मुख्य मार्ग पर जांच के दौरान कुल 10 हाईवा वाहनों को खनिजों के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया। सभी वाहनों को पुलिस लाइन खोखरा एवं चांपा थाना में रखा गया है। जप्त वाहनों में 3 हाईवा में खनिज चूना पत्थर तथा 7 हाईवा में रेत के अवैध परिवहन के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। दर्ज प्रकरणों पर खान एवं खनिज अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के अधीन अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



जब्त वाहन के साथ अफसरों की टीम।

## गर्मी के मौसम में हो रही दिक्कतों से कराया अवगत

# कम क्षमता ट्रांसफार्मर व 11 केवी लाइन की समस्या को लेकर जेई से लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

कम क्षमता ट्रांसफार्मर व 11 केवी लाइन की समस्या को लेकर भीम रेजिमेंट द्वारा जेई को अपना दुखड़ा सुनाते हुए इस पर पहल करने की बात रखी।

गौरतलब है कि क्षेत्र की बिजली समस्याओं एवं जनसुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर भीम रेजिमेंट के पदाधिकारियों ने शुक्रवार 17 अप्रैल को तुस्मा सब स्टेशन पहुंचकर असिस्टेंट इंजीनियर आशीष लहरें को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिलारी भांठा और रहौद क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की गई। भीम रेजिमेंट द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि बिलारी भांठा में वर्तमान में कम भार क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने की वजह से बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। इसके अलावा कई घरों के विद्युत उपकरण खराब हो चुके हैं, जिससे आम नागरिकों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। संगठन ने मांग की है कि वर्तमान ट्रांसफार्मर को हटाकर अधिक भार क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। ज्ञापन में दूसरी प्रमुख समस्या राहौद के वार्ड क्रमांक एक की बताई गई, जहां 11 केवी विद्युत तार घरों की छतों के बेहद नजदीक से गुजर रही है। इससे स्थानीय लोगों के बीच हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। संगठन ने बताया कि हाल ही में एक व्यक्ति मकान की छत की ढलाई कार्य कर रहा था, तभी वह 11 केवी लाइन की चपेट में आ गया। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों की तत्परता से उसे समय रहते बचा लिया गया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। भीम रेजिमेंट बिलासपुर संभाग अध्यक्ष दीपक मनहर ने बताया कि क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से इन समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग को कई बार मौखिक रूप से अवगत कराया गया,लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन को ज्ञापन सौंपने के लिए बाध्य होना पड़ा। उन्होंने कहा कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद तुस्मा सब स्टेशन के असिस्टेंट इंजीनियर आशीष लहरें ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा एक सप्ताह के भीतर संबंधित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकता से समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग जनहित के मुद्दों को गंभीरता से लेता है और सुरक्षा संबंधी मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।



जेई को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

# सीसी रोड निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर पिसौद सचिव निलंबित

**सक्ती।** जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिसौद में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सक्ती वासु जैन ने जिला खनिज न्यास संस्थान मद (डीएमएफ) से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य में अनियमितता एवं गुणवत्ताविहीन कार्य पाए जाने पर सचिव श्रीमती लीला कमलेश को निलंबित कर दिया है।

जिला पंचायत सक्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सक्ती वासु जैन द्वारा 10 अप्रैल को कार्यस्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें निर्माण कार्य गुणवत्ताविहीन पाया गया। इस संबंध में सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। सचिव श्रीमती लीला कमलेश द्वारा 13 अप्रैल को प्रस्तुत जवाब में बताया गया कि निर्माण कार्य के दौरान वे नियमित रूप से स्थल का निरीक्षण करती थीं तथा कार्य को नियमानुसार कराने के निर्देश देती थीं। उन्होंने यह भी बताया कि नदी से रेत ढोने वाले ट्रैक्टरों के आवागमन से सीसी रोड क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी मरम्मत जांच दल एवं एसडीओ जैजैपुर के मार्गदर्शन में कराई गई। सचिव के अनुसार, मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद उप अभियंता एवं एसडीओ द्वारा स्थल का निरीक्षण कर कार्य को सही बताया गया। 6 नवंबर 2025 को जारी किया गया था, कूट रचित तरीके से तैयार किया गया। सड़क उखड़ने एवं क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में है। प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने पर सचिव श्रीमती लीला कमलेश का कृत्य शासकीय कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की श्रेणी में पाया गया, जो छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 एवं सचिवों के शक्तियां एवं कर्तव्य नियम 1999 के विपरीत है।


LCIT PUBLIC SCHOOL
L C I T
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
www.lcitps.edu.in lcitpublicschool LCIT PUBLIC SCHOOL
Success is the result of consistent effort and determination.
Congratulations to our brilliant Class X achievers for setting a benchmark of excellence.
LCIT Blooming Buds
ADMISSIONS OPEN
Play Group to IV
NO ADMISSION FEE
9516167123, 9516161123
1st RAM YUVRAJ PANDEY 99.4 %
AKRITI AGRAWAL 98.2%
AARADHYA DUBEY 97.2%
AARADHYA AGRAWAL 97.2%
SCHOOL TOPPERS GRADE X
LCIT PUBLIC SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
Nursery to XII
NO ADMISSION FEE
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
9589000465, 9516606123
ASHISH NAMAN 96.8%
KAVYANSHA SONGARG 96.4%
PANNA SINGH 96%
ABHASH KOTNALA 95.6%
ATHARVA ASHISH PALSULE 95.6%
SHRIYANK CHOUBEY 94.4%
SARISKA BANJARE 94.2%
SAKSHI YADAV 94%
ARINDAM PANDEY 93.8%
SNEHA PATLE 93.2%
DHWAJ SHARMA 92.8%
MANAS KUMAR MENGHANI 92%
DIVESH VERMA 91.8%
MEGHASHRI BHARDWAJ 91.8%
DIYA AGRAWAL 91.8%
DARSHITA KAUSHIK 91.8%
KHANAK PAMNANI 91.6%
MASOOMA BANJARE 91.4%
SHASHVAT SHARMA 91.2%
SOUMYA AGRAWAL 91.2%
MOHAMMAD JUNAID 91.2%
SANSKAR SHAW 90.8%
RADHIKA SONI 90.6%
REET CHAUDHARY 90.2%
NISHTHA SAHU 89.8%
JATIN KALWANI 89.8%
AADYA AGRAWAL 89.6%
AASTHA JATWAR 89.4%
SAKSHI KAUSHIK 88.8%
SAKSHI MEHARCHANDANI 88.4%
DRISHTI HARANGAONKER 88.4%
AASTHA PHOTANI 88.4%
STUTI JAISWAL 88.2%
SAKSHI ISRANI 88.2%
MANYA GWALANI 87.8%
SANSKAR PANDEY 87.4%
BHAWESH PRADHAN 87.4%
CHERY THACKER 87.2%
PRINCE SACHDEV 87.2%
NIHARIKA SONTEKE 86.8%
AASHUTOSH KAUSHIK 86.6%
SIDDHI SONI 86.6%
MANYA SINGH 86.4%
FAREEZA KHAN 86.2%
SHREYA SAHU 86%
SOMNATH PANIGRAHI 85.8%
NAVYA SHARMA 85.8%
SARTHAK SHARMA 85.6%
MITALI NAGESHWAR 85.6%
DIMPY ROHRA 85.6%
RASHI SAHU 85.4%
TRIPTI MANWANI 85.2%
L C I T GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING I MBA I COMMERCE I SCIENCE I ARTS I LAW I PHARMACY

### प्रसव कक्ष में बिना चिकित्सकीय परामर्श के रेफरल पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दिए निर्देश

# सीएमएचओ ने किया अस्पतालों का निरीक्षण, गंदगी देख लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सीएमएचओ ने सक्ती अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सकर्रा का औचक निरीक्षण किय। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, प्रसव कक्ष, एनआरसी, लैब, टीकाकरण शाखा एवं विभिन्न वार्डों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सकर्रा में साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।


अस्पताल का निरीक्षण कर संबंधितों को निर्देश देती सीएमएचओ।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार 17 अप्रैल को एमसीएच अस्पताल सक्ती एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सकर्रा का सघन एवं व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एमसीएच अस्पताल, सक्ती मे ओपीडी, प्रसव कक्ष, एनआरसी, लैब, टीकाकरण शाखा एवं विभिन्न वार्डों का गहन अवलोकन किया गया। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता मानकों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए। साथ ही जालों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया। आगामी जनगणना एवं सुशासन तिहार को ध्यान में रखते हुए मेडिकल बोर्ड को अनावश्यक अवकाश न देने के सख्त निर्देश दिए गए। एनआरसी में खानपान, बेड एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा कर गुणवत्ता सुधार पर जोर दिया गया। ओपीडी में मरीजों के आभा आईडी जनरेशन एवं सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने तथा नेक्स्टजेन प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। दवा वितरण कक्ष में दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने तथा कमी होने पर इंडेंट करने के निर्देश दिए गए। प्रसव कक्ष में बिना चिकित्सकीय परामर्श के रेफरल मामलों पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य किया गया। एचआरपी मामलों की पहचान, ट्रैकिंग एवं परिणाम आधारित मॉनिटरिंग करने को कहा गया। मेडिकल बोर्ड के दौरान सभी चिकित्सकों को अपने कक्ष में उपलब्ध रहने एवं मरीजों को वहीं सेवा देने के निर्देश दिए गए। मरीजों को उचित आहार, दवा एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। टीकाकरण शाखा एवं चिकित्सक कक्ष में कूलर व वाटर कूलर जैसी आवश्यक संसाधनों की कमी को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए। लैब में आवश्यक जांच किट की जानकारी लेते हुए विडाल टेस्ट सहित मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सकर्रा का निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्टाफ के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। सभी रजिस्टर एवं सूचना बोर्ड को अद्यतन रखने तथा मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रसूति सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए एलएचवी को संस्थागत प्रसव सेवाओं में सक्रिय भूमिका निभाने एवं अधिक से अधिक प्रसव सुनिश्चित करने को कहा गया। क्षेत्र में संस्थागत प्रसव एवं पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों, विशेषकर सरपंच के साथ बैठक आयोजित करने पर बल दिया गया, ताकि समुदाय की सहभागिता बनी रहे। बढ़ती गर्मी को देखते हुए हीट स्ट्रोक से बचाव एवं उपचार के लिए आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश दिए गए। ओआरएस, आवश्यक दवाइयों एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने तथा लक्षण दिखने पर तत्काल उपचार सुनिश्चित करने को कहा गया। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीन दिनों से मेंटेनेंस के नाम पर हो रही बिजली कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

■ चिलचिलाती गर्मी में उपभोक्ता हो रहे परेशान

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के बाजार चौक में स्थित विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में विद्युत विभाग के द्वारा लगातार तीन दिनों से मानसून मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती की जा रही है। इससे विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि विद्युत संभाग चांपा के उप संभाग सारागांव के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में अधिकारी और कर्मचारी के मनमानी के कारण विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि इस वर्ष वैशाख माह में ही तापमान 42 डिग्री को पार कर गया है। इसके बावजूद लगातार तीन दिनों से विद्युत विभाग के द्वारा मानसून मेंटेनेंस के नाम पर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगातार कटौती की जा रही है, जिसके कारण कूलर पंखे नहीं चलने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त बिजली नहीं होने बिजली से चलने वाले उपकरण शोपीस साबित हो रहे है। सुबह से ही हो रही बिजली कटौती के चलते विद्युत उपभोक्ताओं को आम निस्तारी नहाने धोने और घर में पीने के लिए पानी भरने दूर-दूर से हैंडपंप के सहारा लेना पड़ रहा है। बिर्रा वर्तमान में आसपास के गांवों के लोगों के लिए व्यावसायिक केंद्र बन गया है। बिर्रा अंचल के लोग अपने अपने दिनचर्या के समान खरीदी करने के लिए बिर्रा आते हैं। रोज-रोज की बिजली कटौती होने से ग्राहकों को सामान खरीदने और व्यापारियों को सामान बेचने में भी भारी परेशानियां हो रही है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को विद्युत उपभोक्ताओं के होने वाली परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक गांव आते हैं और सभी गांव में बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। लोगों का कहना है कि बिर्रा में हमेशा की बिजली कटौती से न दिन में सुकून मिल पा रहा है और न ही रात में आराम मिल पा रहा है। मानो ऐसा लग रहा है कि विद्युत विभाग ने विद्युत उपभोक्ताओं का सुकून ही छीन कर रख लिया है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो चिलचिलाती गर्मी में बार-बार की विद्युत की आवाजाही से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल आज रायगढ़ में गोष्ठी में होंगे शामिल



**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल शनिवार 18 अप्रैल को रायगढ़ में आयोजित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जयंती के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल रायगढ़ में आयोजित संगोष्ठी में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा देश व समाज के लिए किए गए कार्यो पर विस्तार से चर्चा करेंगे। संगोष्ठी में रायगढ़ जिले के जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन, समाजसेवी एवं समाज के सभी वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### उत्कृष्ट अंकों के साथ लायंस डीएवी के छात्रों ने हासिल की सफलता



**अकलतरा।** लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल अकलतरा का सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा एवं विद्यालय के शत प्रतिशत बच्चे सफल रहे। इस वर्ष अन्वी तिवारी ने 478 अंक (95.6 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अंकित कुमार सिन्हा (474 अंक, 94.8 प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान पर स्वाति सिंह (466 अंक, 93.2 प्रतिशत) रहीं। इसके अतिरिक्त, 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में लुकेश पांडे (93 प्रतिशत), आकर्ष जैन (91 प्रतिशत) एवं ऋतु यादव (90.4 प्रतिशत) शामिल हैं। विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षकगणों के द्वारा विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## निधन

### नारायण प्रताप लहरे



**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत भिलौनी के प्रतिष्ठित नागरिक नारायण प्रताप लहरे का शुक्रवार 17 अप्रैल को 32 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र पूरब एवं प्रज्वल एवं एक पुत्री पुरवी सहित भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। वे डोंगाकोहारौद व केसला समिति में ऑपरेटर के पद थे। उनका अन्तिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, स्वजातीय बंधु सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### युजवेन्द्र यादव



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम गंगाजल के प्रतिष्ठित नागरिक एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक परमेश्वर यादव के छोटे सुपुत्र युजवेंद्र यादव (यश) का आकस्मिक निधन 10 अप्रैल को सुबह 6:30 बजे रायपुर के अस्पताल हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र विवान यादव ने दी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। युजवेंद्र यादव ग्राम गंगाजल के भूतपूर्व उप सरपंच रितेश यादव के अनुज थे।

### महेन्द्र केशरवानी



**चांपा।** स्थानीय लायंस चौक निवासी केशरवानी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक महेन्द्र केशरवानी का शुक्रवार 17 अप्रैल को निवास पर अपरान्ह 3 बजे निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। स्व. केशरवानी अपने पीछे दो पुत्र एवं पुत्री का परिवार छोड़ गये है। वे लायंस चौक स्थित केशरवानी मेडिकल स्टोर्स एण्ड पायल बेबी केयर के संचालक सुमीत केशरवानी तथा संकल्प केशरवानी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार शाम 5.30 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

# बिहान की कृषि और पशु सखियों ने किया किसान स्कूल का भ्रमण



**बहेराडीह।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में हरेक गांव में कृषि और पशुपालन को लेकर काम कर रहीं कृषि सखी और पशु सखियों को ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में 13 दिवसीय कृषि उद्यमी का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू के मार्गदर्शन पर फेकेल्टी अरुण कुमार पाण्डेय द्वारा बहेराडीह में स्थित देश का पहला वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह का भ्रमण कराया गया। जहां संग्रहालय में बड़े पैमाने पर रखी गई पुरानी चीजों का संग्रहण केंद्र, डेयरी इकाई, वर्मीवाश, बायोगेस सायंत्र, अक्षय चक्र क्रृषि मॉडल, जैविक खाद बनाने की इकाई, केंचुआ पालन इकाई, घर के छत पर बागवानी, छत्तीसगढ़ की 36 प्रमुख भाजियां, अलसी, केला, भिंडी, अमारी भाजी और चेच भाजी के रेशे से निर्मित कपड़ा और रंग बिरंगी राखियां, 6 फीट ऊंचाई की धनिया, आदि का अवलोकन किया। इस बीच भ्रमण में शामिल सभी क्रृषि सखी और पशु सखियों ने खुमरी पहनकर सेल्फी ली।

# जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, परिश्रम और निरंतर प्रयास जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल का 11वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर का 11वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन के सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमती अनुश्री राठौर, श्रीमती चंचल अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।


केक काटकर खुशी का इजहार करते स्कूल प्रबंधन के सदस्य, प्राचार्य एवं विद्यार्थी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अराध्या अघरिया एवं काव्या खंडेलिया के द्वारा कत्थक नृत्य के माध्यम से गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया। गुरुकुल स्थापना, गौरव एवं मूल्यों पर आधारित लघु नाटिका का शानदार मंचन हुआ। इसके अलावा तात्कालिक सामान्य ज्ञान स्पर्धा प्रश्न मंच का आयोजन हुआ, जिसके विजेताओं को पुरष्कृत किया गया। 2025 में आयोजित अलग-अलग विषयों के ओलंपियाड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, रजत पदक, कांस्य पदक, जोनल टापर तथा स्टेट टापर मैडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्थापना से अध्ययनरत छात्र राघव अग्रवाल कक्षा बारहवीं वाणिज्य ने सारगर्भित अनुभव प्रकट किया। स्थापना दिवस के अवसर पर प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु अलग-अलग क्रियाकलाप तथा गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन के सदस्यों, प्राचार्य एवं विद्यालय स्थापना वर्ष से अध्ययनरत विद्यार्थियों के द्वारा केक काटकर ख़ुशी का इजहार किया गया। कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और संतोष का दिन है। आज से ग्यारह वर्ष पूर्व, जब हमने इस विद्यालय की नींव रखी थी, तब हमारे मन में केवल एक ही संकल्प था एक ऐसा शिक्षण संस्थान स्थापित करना, जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का समावेश हो। आज वह हमारे विद्यार्थियों की उपलब्धियों और उनके उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हीं के कदम चूमती है, जो कठिनाइयों में भी हार नहीं मानते। सचिव दीपक राठौर ने कहा कि आज से ठीक ग्यारह वर्ष पूर्व, हमने एक छोटे से विचार, एक संकल्प और अटूट विश्वास के साथ इस विद्यालय रूपी स्वर्णिम बीज को बोया था। उस समय यह केवल एक सपना था, लेकिन आज वही सपना एक विशाल वृक्ष का रूप लेकर हमारे सामने खड़ा है। इसकी छांव तले आज छात्र-छात्राएं अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहे है। जीवन में सफलता उन्हीं को मिलती है, जो संघर्षो में घबराते नहीं, बल्कि उन्हें अवसर के रूप में स्वीकार करते हैं। प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, परिश्रम और निरंतर प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर सफल आयोजन हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल, श्रीमति चंचल अग्रवाल, प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, प्रशासक श्री विपिन गुप्ता ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री बने अरुण



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष विरेन्द्र नामदेव ने संघ अधिसूचना जारी करते हुए जांजगीर को प्रदेश में प्रतिनिधित्व देते हुए राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांताध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी व प्राचार्य स्वामी आत्मानंद बीडीएम हिन्दी अंग्रेजी माध्यम सारागांव को प्रदेश संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा है। अरूण कुमार तिवारी को प्रदेश संगठन मंत्री के दायित्व सौंपने पर संघ के जिला संरक्षक डॉ. घनश्याम दुबे, जिला अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार, अवध राम धृतलहरे नव नियुक्त प्रदेश मंत्री सहित भारतीय राज्य पेंशनर्स संघ जिला जांजगीर-चांपा ने विरेन्द्र नामदेव को जांजगीर को प्रतिनिधित्व देने पर आभार व्यक्त किया है। साथ ही अवधराम धृतलहरे प्रदेश मंत्री के दायित्व सौंपने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. अंबेडकर कीर्ति सम्मान से सम्मानित हुए अनुभव



**जांजगीर-चांपा।** जिले के ग्राम खोखरा निवासी युवा कवि साहित्यकार अनुभव तिवारी को डॉ. अंबेडकर कीर्ति सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान राजस्थान के नागौर जिले में स्थित अखिल भारतीय कबीर मठ द्वारा आयोजित डॉ. अंबेडकर कीर्ति सम्मान समारोह 2026 के अंतर्गत दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन 14 अप्रैल 2026 को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर किया गया।अनुभव तिवारी पिछले कई वर्षों से हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनकी रचनाएं सामाजिक सरोकारों, संस्कृति और जनजीवन से जुड़ी होती हैं, जिससे वे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं।उनके इस सम्मान से जांजगीर-चांपा सहित आसपास के क्षेत्र के साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों में हर्ष का माहौल है।

# जय भारत स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा 99 प्रतिशत

**जांजगीर-चांपा।** सी. बी. एस. सी. दसवी बोर्ड का रिजल्ट बुधवार 15 अप्रैल को जारी हुआ। हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा। सी. बी. एस. सी. द्वारा गुरुवार को दसवी बोर्ड का रिजल्ट घोषित किया गया, जिसमें जय भारत स्कूल के 10वी कक्षा के विद्यार्थियों ने फिर से जिले में अपना सबसे सर्वश्रेष्ठ परिणाम लेकर अपना परचम लहराया।



विद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। प्रियल तम्बोली 97 प्रतिशत, वैभव गौतम 95 प्रतिशत, शौर्या कश्यप 95 प्रतिशत, रणवीर सिंह राठौर 94.4 प्रतिशत, विकास हरबंस 94.2 प्रतिशत, शुभी अग्रवाल 94 प्रतिशत, प्राप्ति तिवारी 93 प्रतिशत, शुरभी नामदेव 92.2 प्रतिशत, आराध्या चतुर्वेदी 91 प्रतिशत, पालक सिंह 90.2 प्रतिशत, शुशांत सिंह 90 प्रतिशत, अतुल वैभव 89 प्रतिशत, हर्ष राज 88 प्रतिशत, आर्य साहू 87.2 प्रतिशत, धैर्य प्रताप 87 प्रतिशत, मीमांशा सिंह 87 प्रतिशत, अनुश्री शुक्ला 85.4 प्रतिशत, योगेंद्र कुमार 85.2 प्रतिशत, समृद्धि कश्यप 85 प्रतिशत रहा। सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता तथा शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। अपनी कड़ी मेहनत व लगन तथा विद्यालय प्रबंधन व प्राचार्य श्रीमती गुरमीत कौर धनजल के मार्गदर्शन से उत्कृष्ट अंक लाकर केवल अपने अभिभावक का ही नहीं बल्कि पूरे विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है । विद्यालय के अध्यक्ष अशोक कुमार गट्टानी ,संस्थापक अजय गट्टानी प्रबंधक हर्षित गट्टानी ,विद्यालय के प्रबंधक समिति के सदस्य श्रीमती गंगा गट्टानी, श्रीमती सुनीता गट्टानी, श्रीमती हर्षिनी गट्टानी व विद्यालय प्राचार्य श्रीमती गुरमीत कौर धनजल द्वारा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

**न्यायालय तहसीलदार उपतहसील राहौद, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
ग्राम राहौद, तहसील पामगढ़
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अखिलेश्वर नाथ योगी पिता स्व. जानकी नाथ योगी जाति योगी साकिन राहौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक का मूल नाम आधार कार्ड, 10 वीं, 12वीं की अंकसूची में अखिलेश्वर नाथ योगी अंकित है। आवेदक की भूमि स्वामित्व हक की भूमि ग्राम राहौद प.ह.नं.23 में एकल खाता में कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 0.752 हे. तथा संयुक्त नाम पर कुल ख.न. 06 कुल रकबा 1.0520 हे.भूमि अवस्थित है। राजस्व रिकार्ड में खिलेश्वर नाथ योगी हो गया है आवेदक का मूल तथा सही नाम अखिलेश्वर नाथ योगी है। आवेदक अपने मूल नाम को राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त कराने हेतु हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/4/26 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09/4/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**उप-तहसील राहौद**

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# एक दिवसीय रैपिड शतरंज टूर्नामेंट कल

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शतरंज प्रतिभाओं को मंच देने जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का भव्य आयोजन रविवार 19 अअप्रैल को कलेक्टोरेट रोड जिला पंचायत के पास ऑडिटोरियम जांजगीर किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को सुबह 9 बजे होगा। वहीं समापन इसी दिन सायं 5 बजे होगा। इस प्रतियोगिता में शतरंज प्रतिभा उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। विजेता प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त